तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 27 नवंबर 2024



धान खरीदी में नहीं बर्दाश्त की जाएगी कोई लापरवाही... 12






शहर के मार्गों पर अब निर्माण सामग्री रखना पड़ेगा ... 12






## खबर संक्षेप

### खेती कार्य करने गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम गबौद में खेत के पास बाइक खड़ी कर खेती कार्य करने गए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। नित्यानंद ठाकुर पिता कंशराम ठाकुर 39 साल निवासी गबौद ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि 23 नवम्बर को वह अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जी 9853 में अपने खेत ग्राम गबौद जंगल जाने के रास्ते में अपने खेत के पास अपनी मोटर सायकल को खड़ी कर खेती कार्य करने अपनी खेत में गया। मोटर सायकल का हैण्डल लॉक नहीं किया था। लगभग 3 घण्टा के बाद वापस आकर देखा तो मोटर सायकल चोरी हो गई थी। आसपास पतासाजी के बाद भी बाइक नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 303(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### चिकित्सा अधिकारी की कार को पिकअप ने मारी ठोकर

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम बकमा में चिकित्सा अधिकारी की कार को एक पिकअप ने ठोकर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, रामसागर भावा पटेवा निवासी डॉ. प्रेम चंद वर्तमान में शासकीय अस्पताल बागबाहरा में चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। 24 नवम्बर को वे अपनी कार क्र. सीजी 04 एनजी 4847 से ग्राम बकमा स्टाफ नर्स जिनम बाघ को ड्यूटी के लिए लाने गए थे। शाम करीबन 07:30 बजे स्टाफ नर्स जिनम बाघ के घर के पास पहुंचकर अपनी कार को साईड में खड़ी कर कार का इंटीगेटर लाईट को चालूकर कार अंदर बैठकर डॉ. प्रेम चंद इंतजार कर रहा था उसी समय सामने से पिकअप क्रमांक सीजी 06 जीजे 4792 का चालक अपनी पिकअप वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर कार को सामने से ठोकर मार दिया, ठोकर मारने से कार चबूतरा से टकराकर प्रवेश द्वार खंभा से टकराया, जिससे कार का सामने भाग, दोनों साईड एवं पीछे भाग बुरी तहत क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी पिकअप वाहन चालक के खिलाफ 281बीएनएस के तहत अपराध कायम किया किया है।

### ट्रेडिंग के नाम पर पैसा लेकर नहीं किया वापस

**महासमुंद।** ट्रेडिंग के नाम से पैसा लेकर वापस नहीं करने के मामले में तुमगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। प्रार्थी शिव कुमार चेलक पिता स्व. नारायण एम चेलक निवासी वार्ड क्रं. 09 विश्वकर्मा वार्ड नयापारा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह यादराम पिता खुशियाल साहू से बैंकिंग लेन-देन के नाम से पिछले दस वर्षो से जानता है। यादराम साहू ने एचडीएफसी बैंक से 10 लाख, यस बैंक से 10 लाख, पेसेंस बैंक से 5 लाख लोन शिव कुमार को दिलवाया। शिव कुमार को उस पैसे से घर बनवाना था। यादराम ने शिव कुमार को कहा कि चेलक ने बनाने के लिए पैसे रखे हैं उस पैसे को मुझे दे दो, मेरा भतीजा टुकेश कुमार साहू पिता झलक राम साहू शेयर ट्रेडिंग करता है। मेरा भतीजा तुमको प्रति माह घर बनाने के लिए आपको पैसा दे देगा और तुम्हारा लोन भी चुकता रहेगा। घर भी बन जायेगा और तुम्हारा मूलधन भी सुरक्षित रहेगा। उसकी बातों में आकर प्रार्थी शिव कुमार घर में रखे हुए दस लाख, लोन का पच्चीस लाख कुल 35 लाख दे दिया। इस तरह यादराम साहू व टुकेश साहू ने 35 लाख रुपए ले लिया। आरोपियों ने कुछ दिनों (माह) तक पैसे दिए और अब नहीं दे रहे हैं। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी याद राम साहू और टुकेश कुमार साहू के खिलाफ 34आइपीसी, 420 आइपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# सरटैक्स के नाम पर पीडीएस का चावल खपाने का खेल उजागर

## बसना-सरायपाली मिलर के यहां पकड़ा गया ट्रक भर चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बसना ब्लाक अंतर्गत एक राईस मिल में पीडीएस के चावल को खपाए जाने का बड़ा खेल सामने आया है। 17 नवम्बर दिन रविवार को बसना-सरायपाली मार्ग पर स्थित श्याम राईस मिल मे सरटैक्स के नाम पर सरायपाली के एचके मार्का वाली सैकड़ो बोरी चावल ट्रक क्रमांक सीजी 06 जेड 6503 से परिवहन कर श्याम राईस मिल में भण्डारण कर खपाने की सूचना पर बसना अनुविभागीय अधिकारी, तहसील व मण्डी की संयुक्त टीम ने तलाशी लेकर तत्संबंध में जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अब सवाल यह उठ रहे हैं कि सरायपाली में ही सरटैक्स की सुविधा होने के बावजूद ट्रक सरायपाली से 20 किलोमीटर दूर बसना क्यों भेजा गया? पीडीएस के मामले मे बिना अनुविभागीय अधिकारी अथवा कलेक्टर की जानकारी या आदेश-निर्देश के अभाव में किसके निर्देशन में इस कार्य को अंजाम दिया गया। रविवार अवकाश के दिन मण्डी निरीक्षक सनत साहू द्वारा तहसीलदार पाण्डे सरायपाली को संज्ञान में लेकर यह आदेश जारी करना प्रकाश में आया है, इसके सही पाए जाने पर भी सवाल उठ रहे हैं।




### जवाब देने से बच रहे अफसर

मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 06 जेड 6503 श्याम राईस मिलर संचालक राजेश उर्फ़ राजू अग्रवाल का होना बताया जा रहा है। ऐसे मिलर बेरोकटोक शासन की नीति नियमों को ठेंगा दिखाकर शासन की राजस्व में डाका डाल रहे हैं, और विभागीय अधिकारी कार्यवाही के बजाय मिलरों को बचाने में दिलचस्पी ले रहे हैं? जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव से इस संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी मांगे जाने पर इस गोल-मोल जवाब देते रहे।

## खरीदी: जिले में किसानों ने अब तक 5 लाख 13 हजार 367 क्विंटल धान बेचा

# खरीदी में आई रफ्तार, 14 से अब तक 28 करोड़ रुपए की हुई वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में धान खरीदी अब रफ्तार पकड़ने लगी है। खरीदी शुरू हुए 11 दिन बीतने के बाद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान में 14 नवंबर से अब तक 10 हजार 395 किसानों ने पांच लाख 13 हजार 367 क्विंटल धान बेचा है। जिसमे 118 करोड़ रुपये की राशि किसानों को वितरित की गई। बता दें कि खरीफ फसल के लिए जिला सहकारी बैंक के द्वारा जिले के लघु व सीमांत किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर खरीफ सीजन में 426 करोड़ रुपए ऋण का वितरण किया गया। खरीदी धान खरीदी शुरुआत होते ही लिंकिंग के माध्यम से 28 करोड़ रुपए की वसूली कर ली गई है।



नोडल अधिकारी आशीष शर्मा ने बताया कि 22 नवंबर तक जिले में कुल 4 लाख 89 हजार 651 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। इसमे से 4 लाख 63 हजार 632 क्विंटल मोटा धान, 11.60 क्विंटल पतला धान और 26 हजार 7 क्विंटल सरना धान शामिल हैं। महासमुंद विकासखंड के 38 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 86 हजार 571 क्विंटल धान की खरीदी हुई, बागबाहरा विकासखंड के 31 केंद्रों पर एक लाख 43 हजार 599 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार पिथौरा विकासखंड के 44 केंद्रों में 81 हजार 785 क्विंटल धान उपार्जित हुआ है। बसना विकासखंड के 36 केंद्रों में 57 हजार 51 क्विंटल धान की खरीदारी की गई है और सरायपाली विकासखंड के 33 केंद्रों के माध्यम से एक लाख 20 हजार 643 क्विंटल धान खरीदा गया है एवं लिंकिंग के माध्यम से ऋण वसूली का वसूली किया जा रहा है।

### लिंकिंग के माध्यम से हो रही ऋण वसूली

खरीफ सीजन में कुल 82 हजार किसानों ने ऋण लिया था। जिला सहकारी बैंक की कुल 13 शाखाएं हैं। जिनके अंतर्गत किसान आते हैं। जहां से किसानों ने ऋण लिया था। किसान प्रतिवर्ष खाद, बीज और कीटनाशक दवाओं के लिए ऋण लेते हैं। धान खरीदी के शुरुआत के साथ ही वसूली की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। अब तक118 करोड़ रुपए की धान खरीदी हो चुकी है। धान खरिदी शुरुआत होते ही लिंकिंग के माध्यम से 28 करोड़ रुपए की वसूली कर ली गई है। जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी ने बताया कि लिकिंग के माध्यम से ऋण की वसूली की जा रही है। रबी सीजन के लिए भी ऋण का वितरण किया जा रहा है।

### कैरी फारवर्ड के लिए तिथि समाप्त

कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से कृषकों को कैरी फारवर्ड, नवीन फेरीयन, और पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन करने के लिए अंतिम तिथि 25 नवंबर 2024 निर्धारित की गई थी। 25 सोमवार को यह तिथि समाप्त हो गई है। किसानों को पंजयन के लिए समय दिया गया था। पिछले कुछ दिनों से टोकन कटाने वाले किसान परेशान है। सर्वर डाउन होने के कारण उन्हें भटकना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि कई किसानों के पास स्मार्टफोन नहीं है। इसके कारण भी टोकन कटाने में दिक्कत आती है। हालाकि किसान समितियों में भी पहुंच रहे हैं। 31 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी।

# ट्रक से जा टकराया सब्जियों से भरी पिकअप वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- चालक घायल, रायपुर रिफर किया गया, इधर घटना के बाद सब्जी के लिए टूट पड़े लोग

शहर के खैरा चौक के पास मंगलवार सुबर एक सब्जी से भरी पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। इसके कारण पिकअप का वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और स्टेयरिंग में फंस जाने के कारण काफी मशक्कत से निकाला गया और तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रिफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार रात्रि 1 से डेढ़ बजे के बीच पिकअप क्रमांक से सब्जी लेकर बागबाहरा की ओर जा रहा था। अचानक सितली नाला आगे शिवालया पार्क के पास खड़ी ट्रक से पीछे जा घुसी। जिससे सब्जी से भरे वाहन के परखच्चे उड़ गए और चालक को गंभीर अवस्था में जिला मेडिकल कालेज ले गया। फिर उसे रायपुर रिफर कर दिया गया। सड़क में यातायात बाधित होने के कारण क्रेन के माध्यम से क्षतिग्रस्त वाहन को थाना लाया गया।

### पूरा गांव टूट पड़ा सब्जियों पर

दुर्घटना के बाद समीपस्थ ग्राम खैरा सहित आसपास के लोग गोभी और टमाटर से भरे वाहन पर टूट पड़े। टक्कर होने के बाद वाहन मे रखी सब्जियां इधर उधर बिखर गई थीं। लोग पॉलीथिन, झोला और अन्य थैलों में सब्जियां भरकर ले जाते रहे। सुबह 8 बजे तक यह क्रम चलता रहा। कोतवाली थाना से पुलिस जवान 102 में घटना स्थल पहुंचे और सभी को रोकथाम कर आधी सब्जियों को दूसरे वाहन में भेजा।

### रिसेकेला खरीदी केंद्र में 531 बोरा संदिग्ध धान व भास्करपाली में रबी फसल का 61 बोरी धान जब्त

महासमुंद। सोमवार को रिसेकेला सरायपाली के धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (आईएएस) नम्रता चौबे के नेतृत्व में किया गया। निरीक्षण के दौरान 531 बोरा अतिरिक्त धान संदिग्ध रूप से पाए गए। संबंधित धान के बोरों को मंडी अधिनियम के तहत जब्त कर लिया गया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार श्रीधर पंडा, फूड इंस्पेक्टर, मंडी सचिव मौजूद रहे। इसके अलावा राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को भास्करपाली खरीदी केंद्र में एक किसान द्वारा रबी फसल का 61 बोरी धान लेकर आने की सूचना पर कार्रवाई की गई। जिसे टीम ने मौके पर ही जब्त कर लिया और दस्तावेजों की जांच की। लेकिन, किसान द्वारा प्रस्तुत धान संदिग्ध पाया गया।



## जोंक नदी से अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त 1 नग चैन माउंटेन मशीन जब्त

**महासमुंद।** खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में खनिज अधिकारी सनत कुमार ने बताया कि खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन पर सख़्ती से नियंत्रण किए जाने के लिए खनिज टीम द्वारा ग्राम नदी चरौदा तहसील पिथौरा स्थित जोंक नदी से अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त 01 नग चैन माउंटेन मशीन को जब्त किया गया। लावारिस हालत में ग्रामीणों के समक्ष जप्त कर ग्राम पंचायत के परिसर में कोटवार के सुपुर्द कर सील बंद कर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध नोटिस चस्पा किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में सहायक खनिज अधिकारी देवेंद्र साहू एवं सिपाही प्रशांत कालू, मनीष डीडी, मनोज निर्मलकर शामिल रहे।

# प्लेसमेंट कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, नगर पालिका में काम हो रहा है प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के बैनर तले नगर पालिका महासमुंद के कर्मचारी चार सूत्रीय मांगों को लेकर काम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। जिससे नगर पालिका में सफाई सहित अन्य कार्य प्रभावित है। हड़ताल के पहले दिन समय पर पेय जलापूर्ति नहीं कराई गई। नगर पालिका महासमुंद में बड़ी संख्या में प्लेसमेंट कर्मचारी कार्यरत हैं। जो चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि ठेका प्रथा के कारण कई महीने तक वेतन नहीं मिलता है। इसलिए ठेका प्रथा समाप्त कर बैंक खाते के माध्यम से निकाय से वेतन भुगतान कराया जाए। क्योंकि कई महीने से वेतन भुगतान लंबित होने से बच्चों की स्कूल फीस, यूनिफॉर्म, कॉपी-



किताबें सहित घर का राशन खरीदने में परेशानी होती है। फिलहाल सड़क, गली-मोहल्ले की सफाई बंद, सिर्फ महिलाएं डोर टू डोर कचरा उठा रहीं हैं। हड़ताल के कारण जिला मुख्यालय में सफाई करने वाले कर्मचारी नहीं मिलेंगे। जिससे शहर में गंदगी फैल सकती है। क्योंकि प्लेसमेंट कर्मचारियों के भरोसे शहर में प्रमुख सड़क एवं स्थल की दो-तीन टाइम सफाई होती है। प्लेसमेंट कर्मचारी संघ का कहना है कि हड़ताल अवधि में सफाई कार्य, जल कार्य विद्युत कार्य, कार्यालय सहित लोक सवा कार्य सब बंद रहेंगे। संगठन के माध्यम से शासन के पास प्लेसमेंट कर्मियों को जल संसाधन, लोक निर्माण, पीएचई व वन विभाग की तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन का भुगतान कराने कई बार घरना प्रदर्शन कर अपनी मांगें रख चुके हैं।

# क्षेत्र में उद्योग और रोजगार को लेकर केंद्रीय मंत्री से चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने दिल्ली में केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी से भेंटकर अपने लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत उद्योग एवं रोजगार संबंधी योजनाओं एवं संभावनाओं की विस्तार के विषय में विस्तृत चर्चा की। साथ ही जिले के तुमगांव में स्थित करणीकृपा इस्पात संयंत्र द्वारा की जा रही मनमानी, नियम विरुद्ध कार्य, निजी एवं शासकीय भूमि का नियम विरुद्ध अधिग्रहण, जल संसाधनों का दुरुपयोग जैसे विषयों को लेकर उपयुक्त संयंत्र के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने के लिए केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही इसी वर्ष संयत्र में लगातार लापरवाही के कारण हुई दुर्घटनाओं में मृतकों एवं घायलों के विषय में भी जानकारी दी। केंद्रीय उद्योग मंत्री ने सभी विषयों को संज्ञान में लेते हुए जांच के निर्देश दिए।

# लोकहित के लिए राजस्व अधिकारी कार्य करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार की शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने शासन की योजना के क्रियान्वयन और राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति और राजस्व कामकाज की समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व विभाग को महत्वपूर्ण और संवेदनशील बताते हुए अधिकारियों को पूरी गंभीरता और प्राथमिकता से काम को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने मूलभूत कार्य को गंभीरता से पूर्ण करें। लोकहित और जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उनके कार्य समय सीमा में निपटाएं। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नम्रता चौबे (आईएएस), अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, रविराज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश कुमार साहू, हरिशंकर पैकरा, सृष्टि चंद्राकर, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा सहित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौजूद रहे।




कलेक्टर लंगेह ने समीक्षा बैठक में कहा कि राजस्व अधिकारी शासन के कल्याणकारी योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करें। ताकि, इसका लाभ लक्षित वर्गों को मिल सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप राजस्व विभाग के योजनाओं का क्रियान्वयन कर लक्ष्य समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की योजनाओं से पात्र लाभान्वित हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों और तहसीलदारों से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, वन अधिकार पत्र, भू-अर्जन, राजस्व वसूली सहित आम ग्रामीणों से जुड़े राजस्व प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली और शेष प्रकरणों को समय सीमा में समाधान के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने निराकृत राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन प्रकरणों का निराकरण राजस्व विभाग द्वारा कर लिया गया है। ऐसे प्रकरणों को रिकॉर्ड रूम में जमा करें। सभी तहसीलों में मॉडल रिकॉर्ड रूम भी बनवाएं। ताकि, रिकॉर्ड को बेहतर तरीके से रखा जा सके। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन प्रकरणों को भी समय सीमा में पूर्ण करें। राजस्व विभाग के लोक सेवा गारंटी योजना के तहत जिन हितग्राहियों ने किसी कार्य के लिए आवेदन किए है, ऐसे आवेदनों या प्रकरणों को निर्धारित समय पर निराकृत करें। राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। इसके अलावा उन्होंने विवादित एवं अविवादित नामांतरण, बंटाकन, बंदोबस्त, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, सीमांकन आदि की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को आबकारी और खनिज विभाग के साथ मिलकर अवैध शराब बिक्री तथा खनिज के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अनुविभागीय अधिकारियों को संज्ञान में लाते हुए कार्रवाई करें और उनसे मदद लें। कलेक्टर ने वर्तमान में चल रहे धान खरीदी की भी समीक्षा की और उपार्जन केन्द्रों में आने वाले समस्याओं का तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर ट्रस्ट अंतर्गत खेती करने वाले किसानों को केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य की ही राशि मिलेगी। इसके लिए किसानों के बीच किसी तरह की भ्रम की स्थिति न रहें। बैठक में अन्य राजस्व प्रकरणों की भी व्यापक समीक्षा की गई।


हरिभूमि

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### छात्रों को आध्यात्मिक धरोहर व नैतिक मूल्यों की दी जानकारी

**महासमुंद।** भारतीय संस्कृति की समृद्धि और पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा बताए गए व्यक्तित्व विकास के सूत्रों को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम पचेड़ा में एक विशेष उद्बोधन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में देव संस्कृति विद्यालय संचालन समिति महासमुंद की अध्यक्षा शशिप्रभा थिटे ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने भारतीय संस्कृति के अनमोल गुणों, इसकी आध्यात्मिक धरोहर और नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए आत्मानुशासन, सकारात्मक सोच और सत्कर्म को अपनाना अनिवार्य है, जो हमारे जीवन को उन्नति की दिशा में ले जाता है। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बड़ी रुचि दिखाई और भारतीय संस्कृति की गहराइयों को समझने का अवसर पाया। शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे छात्रों में आत्मविश्वास और सांस्कृतिक गौरव बढ़ा है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार और समिति के सदस्यों ने शशिप्रभा थिटे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने और व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं।

### संविधान दिवस पर हुआ सम्मान समारोह

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत परसदा (बेमचा) में 26 नवंबर पंचायत भवन में संविधान दिवस मनाया गया। भारतरत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर तिलक लगाकर लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सरपंच वीरेन्द्र चन्द्राकर उपस्थित रहे। इस मौके पर ग्राम पंचायत द्वारा मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं का साड़ी व श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत परसदा (ब) महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर शीला प्रधान ने अपने उद्बोधन में कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत बनाने प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन पंचायत सचिव राजू चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में पुष्पा चंद्राकर, चंद्रकला वर्मा, चित्ररेखा ध्रुव (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता), सुमन देवदास, सोहद्रा ध्रुव, शांति यादव, अनिता यादव (मितानिन), बेनु बाई चंद्राकर पंच, दिनेशवरी ध्रुव, रुपा ध्रुव, रमशीला कुम्हार, डुमेश्वरी ध्रुव, प्रतिभा ध्रुव, मंजू साहू (प्रधान पाठक), ज्योति चंद्राकर एवं कुंती यादव सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### निधन

#### रोशन निषाद



**महासमुंद।** शहर के मौहारी भाठा निवासी रोशन निषाद (27 वर्ष) का 25 नवंबर को निधन हो गया। वे नेमीचंद निषाद के पुत्र व नरेश निषाद, खलेश निषाद के भाई थे। अंतिम संस्कार भलेसर रोड़ स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जनचौपाल में आत्मीयता से सुनी लोगों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- अलग-अलग समस्याओं से संबंधित 52 आवेदन मिले



जिला कार्यालय में हर मंगलवार को आयोजित जन चौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आत्मीय मुलाकात की और उनकी मांगों व समस्याओं को गौर से सुना। जन चौपाल में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण के लिए कुल 52 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जन चौपाल में महासमुंद बेमचा के राधेश्याम चंद्राकर ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण की राशि दिलाने, बागबाहरा अमुर्दा से पहुंचे तिलेश कुमार सेन ने अपने दिव्यांग बालिका को पेंशन प्रदाय करने, मोहंदी की ललिता बाई सोनवानी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की शेष राशि दिलाने कलेक्टर को आवेदन सौंपा। इसी तरह बसना के सुब्बो नंद ने जाति प्रमाण के लिए, बसना की कविता बंछोर ने आगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति आदेश नहीं मिलने पर, पिथौरा नदी चरौदा की विशाखा बाई ने वन अधिकार पट्टा प्रदाय करने कलेक्टर को आवेदन सौंपे। साथ ही आवेदकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाने एवं अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन सौंपे गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

# संविधान दिवस पर दुलारपाली स्कूल में हुए विविध जागरुकता कार्यक्रम

**सरायपाली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में संविधान दिवस पर संविधान प्रस्तावना वाचन के साथ-साथ विविध जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रेमानन्द भोई ने भारतमाता और पवित्र भारतीय संविधान के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।



तत्पश्चात समवेत स्वर में विद्यालय की छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। प्रस्तावना वाचन कक्षा दसवीं की छात्रा परी वैष्णव द्वारा कराया गया। राजनीति विज्ञान विषय शिक्षक कृष्ण कुमार नायक ने संविधान के गठन और समिति के बारे में विस्तार से बताया। व्याख्याता डीएल खटकर ने संविधान निर्माण के समय की परिस्थितियों और कठिनाइयों तथा उसके निराकरण कर श्रेष्ठ संविधान के निर्माण और उसके महत्व को बताया गया। रोहित साहू ने संविधान द्वारा प्राप्त मौलिक अधिकार और उसके प्रति हमारे कर्तव्य के बारे में विस्तार से बताया। छात्रा बबीता साहू, मुस्कान साहू, टेशू साहू, परी वैष्णव, यामिनी, कामिनी और आरती द्वारा नृत्य के माध्यम से संविधान द्वारा प्राप्त शक्तियों और जीवन में उसकी महत्ता को प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रेमानन्द भोई ने कहा कि सबके लिए समान कानून सबको शक्तिशाली बनाता है, लेकिन हम अपने अधिकारों के प्रयोग के समय यह भी ध्यान रखें कि हमारे कर्तव्य क्या हैं? कर्तव्यों के सही निर्वहन से ही देश आगे बढ़ता है। कार्यक्रम का संचालन छात्रसंघ सांस्कृतिक सचिव टेशू साहू तथा आभार प्रदर्शन सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षक टेकलाल पटेल ने किया। कार्यक्रम में दुबेलाल पोर्ते, रूपधर निषाद, प्रधान पाठक संखलाल जगत, रूपधर पटेल, द्रुपद पटेल, जयनारायण, ममता पोर्ते, अंजू साहू, किरण चौहान, राकेश प्रधान, सीएस विशाल, खुशी साहू सहित समस्त शिक्षकों और छात्रसंघ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में संविधान रंगोली भी बनाई गई थी।

# जो परांबा जगदंबा का उपासक होता है, उसे कोई परास्त नहीं कर सकता : पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





स्थानीय लालवानी गली में दुर्गा मंदिर के सामने चल रहे श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा में नर नारायण कथा का बखान करते हुए व्यास पीठ से पं. पंकज तिवारी ने कहा कि जो परांबा जगदंबा का उपासक होता है, उसे कोई परास्त नहीं कर सकता। नर नारायण ने भगवती मां परांबा की उपासना कर वह शक्तियां प्राप्त कर ली थी कि जब भक्त प्रहलाद और नर नारायण के मध्य संग्राम की स्थिति निर्मित हुई और प्रहलाद परास्त होने लगे तो भगवान विष्णु प्रगट हुए और कहा कि ये दोनों मेरे ही अंश हैं। इन्होंने वर्षों तक परांबा जगदंबा की उपासना कर वह शक्तियां प्राप्त कर ली है कि इसे कोई परास्त नहीं कर सकता। महाराज ने कथा का विस्तार से बखान करते हुए कहा कि नर और नारायण तीर्थ स्थल में धनुष बाण लेकर तपस्या कर रहे थे। इस समय तीर्थ यात्रा करते हुए भक्त प्रहलाद पहुंचे और देखा कि दो व्यक्ति साधु वेश में तपस्या कर रहे हैं, वे अस्त्र-शस्त्र रखे हुए हैं तो वह यह समझने लगा कि यह दोनों साधु के वेश में ढोंगी है। कोई भी साधु अस्त्र-शस्त्र लेकर तपस्या नहीं करता। इस तरह के आचरण से समाज में गलत संदेश जाएगा और कोई भी ढोंगी गलत आचरण कर साधु वेश में तपस्या करने लग जाएगा। इस भाव से नर नारायण को ढोंगी असुर समझते हुए भक्त प्रहलाद ने तीर्थ स्थल से जाने के लिए कहा। इस पर दोनों ने कहा कि वह तपस्या कर रहे हैं इसलिए यहां से नहीं जाएंगे। क्योंकि प्रहलाद दोनों को ढोंगी असुर मान चुके थे, इसलिए उन्होंने युद्ध के लिए ललकारा और युद्ध की स्थिति निर्मित हुई। भगवान विष्णु द्वारा स्थितियां स्पष्ट करने पर भक्त प्रहलाद ने दोनों नर नारायण से क्षमा याचना की। भगवान विष्णु ने कहा कि यह दोनों मेरे अंश से उत्पन्न हुए हैं। ये नर नारायण भविष्य में अर्जुन और कृष्ण के रूप में पृथ्वी पर जन्म लेकर असुरों का नाश करेंगे। कथा प्रवक्ता तिवारी ने कहा कि जब भी तीर्थ स्थल में जाओ तो वहां मन में सद्भाव लेकर जाना चाहिए। क्योंकि तीर्थ स्थल में किए गए कार्यों का सौ गुना फल मिलता है। पुण्य करो तो सौ गुणा और पाप करो तो सौ गुना होना। इसलिए तीर्थ स्थल में हमेशा मनुष्य को सद्भाव पूर्वक व्यवहार करना चाहिए। कौन क्या कर रहा है इसे छोड़कर अपने सत्कर्मों पर तीर्थ स्थल में ध्यान देना चाहिए। भक्त प्रहलाद ने तीर्थ क्षेत्र में तपस्यारत नर नारायण को असुर के रूप में देखा, इसलिए, संग्राम की स्थिति निर्मित हुई। शकुन निषाद एवं भुवन निषाद द्वारा आयोजित देवी भागवत में नरेश दमयंती निषाद परीक्षित के रूप में कथा श्रवण कर रहे हैं। कथा पंडाल में बस स्टैंड दुर्गा पूजा उत्सव समिति के सदस्य व पूर्व नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर, बाबूलाल साहू, भाउराम साहू, राजेश नायक, लालू यादव ने व्यास पीठ के प्रणाम कर पंडित पंकज तिवारी से आशीर्वाद लिया।

## बैज ने किया शहर में मिनी खेल कोर्ट का शुभारंभ

### नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहें उपस्थित



**महासमुंद।** शहर के तुमगांव ओव्हरब्रिज के नीचे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय विष्णु प्रसाद दुबे के नाम से पालिका द्वारा निर्मित मिनी बास्केट बॉल खेल कोर्ट का सोमवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व सांसद दीपक बैज ने शुभारंभ कर शहर के खेलप्रेमियों को बड़ी सौगात दी। दोपहर 1 बजे अम्बेडकर में उनके आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया। इस दौरान अमरजीत चावला, विनोद चंद्राकर, त्रिभुवन महिलांग, गोलू मदनकार समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता उपस्थित रहें।

# अभा हिन्दु महासभा के ग्रामीण पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष देवराज ने सौंपा नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- सदस्यता अभियान व जनसंपर्क के तहत चिरको पहुंचे जिलाध्यक्ष देवराज बघेल



सदस्यता अभियान व गांवों में जनसंपर्क के तहत रविवार को अखिल भारत हिन्दु महासभा के जिलाध्यक्ष देवराज बघेल (कैलाश) ने ग्राम चिरको (पटेवा) में सभा के दौरान महासभा के कार्यों व उद्देश्यों से ग्रामीणों को अवगत कराया। उन्होंने महासभा द्वारा हिंदु एकता के लिए किए जा रहे कार्यों को बताया तथा लोगों को अभा हिन्दु महासभा के सदस्य बनने प्रेरित किया। ग्राम चिरको निवासी देवानंद ध्रुव को ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही मिथलेश पटेल को ग्राम अध्यक्ष तथा गोपाल ध्रुव को ग्राम सचिव अखिल भारत हिन्दु महासभा के पद पर नियुक्ति पत्र सौंपा। बघेल ने सभी पदाधिकारियों को अभा हिन्दु महासभा की विचारधारा व उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ईमानदारी से कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों के विभिन्न समस्याएं भी सुनी। ग्रामीणों की समस्याओं पर उन्होंने संबंधित विभागों में जाकर उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराकर शीघ्र समाधान करने की मांग करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बागबाहरा ब्लाक अध्यक्ष रामकुमार मोंगरे, रोहित साहू, चंद्रकांत नागेश, भावेश नागेश, नवनियुक्त पदाधिकारी देवानंद ध्रुव, मिथलेश पटेल, गोपाल ध्रुव सहित ग्राम चिरको ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की नीति से खुशहाल किसानों को भाजपा सरकार कर रही परेशान: आलोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

### 3217 रुपए एकमुश्त नगद भुगतान करे छत्तीसगढ़ सरकार



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने छग सरकार की धान खरीदी नीति को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार की अकुशल व वादा खिलाफी नीति ही किसानों के लिए परेशानी का कारण है। छग में कांग्रेस ने जो किसानों के लिए काम किया था उसके कारण ही राज्य में किसान खुशहाल है। अभी हालत यह है कि 14 नवम्बर से 31 जनवरी तक में मात्र 47 दिन ही खरीदी होगी, ऐसे में 160 लाख मीट्रिक धान के अपने लक्ष्य को सरकार पा नहीं सकती और बारदाना का संकट से खरीदी बंद हैं। सरकार मुनादी करा रही हैं कि किसान अपने बारदाना में धान लेकर सोसायटी पहुंचे, इससे यह प्रतीत होता है कि बीजेपी सरकार धान खरीदना ही नई चाहती।

छग कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने बताया कि छग में भाजपा ने चुनाव में किसानों को 21 क्विंटल धान 3100 की दर से खरीदने के साथ एक मुश्त राशि देने की बात मोदी की गारंटी बताते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर नगद काउंटर खोलने की बात कहने वाली भाजपा सत्ता पाने अपने इस वादे से भी मुकर कर अपना किसान विरोधी चेहरा उजागर किया है। धान बेचने किसानों को टोकन के लिए जो परेशानी हो रही है वह डबल इंजन सरकार की डिजिटल इंडिया की पोल खोल दी है। सभी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक कांटा से तौलाई भी झूठा साबित हो रहा है। छग में सरकार अपराध नियंत्रण में बेबस है। छग अपराध का गढ़ बन गया है। धान खरीदी प्रारंभ होते ही कोचिए सक्रिय होकर धान के अवैध कारोबार चालु कर दिए हैं। आलोक चंद्राकर ने छग सरकार पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों को एक मुश्त राशि देने में असफल भाजपा सरकार किसानों को धान बेचने के बाद धान का समर्थन मूल्य 2320 पतला और 2300 मोटा की दर से 21 क्विंटल धान का ही भुगतान कर रही है, ऐसी स्थिति में एक मुश्त 3100 एवं केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 117 की बढ़ोतरी की है तो किसानों को 3217 रुपए प्रति क्विंटल की दर से नगद भुगतान की जानी चाहिए, जिससे छग सरकार पीछे हटी हुई है जो सीधे तौर पर किसानों के साथ अन्याय एवं किसानों को मिलने वाली राशि का गबन है। एक तरफ धान खरीदी में सरकार अपने आप को किसान का हितैषी बता रही है। वहीं दूसरी ओर रबी फसल लेने पर जो बाते सामने आई है उसे साफ भी ना कर किसानों को दो राहे पर खड़ी कर दी है, जिससे भी किसान भाई चिंतित हैं।

## धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण : अंकित



**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के किसान व कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने मंगलवार को मामाभांचा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर किसानों व मजदूरों से चर्चा की व तौल और बारदाने की स्थिति पर भी प्रबंधक व किसानों से बात की। इस अवसर पर पूर्व समिति अध्यक्ष कोमल महानंद व श्याम ध्रुव उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर आज

**महासमुंद।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर द्वारा महासमुंद जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण, कैलिपर्स, एवं कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके जीवन में सहूलियत और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने बताया कि शिविर का आयोजन जिले के निर्धारित स्थानों पर प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक किया जाएगा। जिसमें ग्राम पंचायत लहरौद, पिथौरा में बुधवार 27 नवंबर को शिविर का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 28 नवम्बर 2024 को आयोजित मूल्यांकन शिविर में आंशिक परिवर्तन किया गया है। पहले निर्धारित स्थल केन्द्रीय विद्यालय सरायपाली में होने वाले इस शिविर का आयोजन अब माधवराव सदाशिव गोवलकर हाई स्कूल, सरायपाली में किया जाएगा। शिविर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जिसमें यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र ( 22,500 रुपए से कम मासिक आय या बीपीएल राशन कार्ड), आवासीय प्रमाण पत्र, और तीन पासपोर्ट साइज फोटो शामिल हैं।

## कृषि मंत्री नेताम से मुलाकात ...



**महासमुंद।** राजधानी के रामकृष्ण हास्पिटल में रामानुगंज विधायक एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम से भेंट मुलाकात करने वालों में जनक ध्रुव विधायक बिन्द्रानवागढ़, नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल, शिशुपाल सोरी पूर्व विधायक कांकेर, आरएन ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष, महासचिव एनआर चंद्रवंशी, श्रीराम ध्रुव सचिव, एसपी ध्रुव सहसचिव, एमएल ध्रुव जिलाध्यक्ष, डमरूधर मांझी पार्षद आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों के लिए रोजगार मेला, सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



साइटसेवर्स इंडिया द्वारा स्थानीय टाउन हॉल में दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शासकीय संस्थानों ने भी सहयोग प्रदान किया, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें समाज में सशक्त बनाना था। रोजगार मेले में कुल 257 लोग उपस्थित रहे, जिनमें से 185 दिव्यांगजन शामिल हुए। इन प्रतिभागियों ने रोजगार के विभिन्न अवसरों में रुचि दिखाते हुए अपनी जॉब प्रोफाइल भरी। मेले में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन शामिल हुए, जो अपने कौशल और क्षमता के आधार पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए उत्साहित थे। इस आयोजन में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों और संस्थानों ने भाग लिया और अपने-अपने स्टॉल लगाए। रोजगार प्रदाताओं ने अपनी संस्थाओं में उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी दी और दिव्यांगजनों के लिए उपयुक्त नौकरी के अवसर प्रस्तुत किए। प्रमुख रोजगार प्रदाताओं में शामिल थे।

एलआईसी, एसबीआई, जिला रोजगार कार्यालय, आई मित्रा, रिक्रूज, जय पतई माता हॉस्पिटल पटेवा, शिखर कंप्यूटर, डॉ. रेड्डी फाउंडेशन, एंड्रोमिडा फाइनेंस, निडकॉन सर्विसेज, औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी इन संस्थानों ने न केवल दिव्यांगजनों के लिए रोजगार के अवसर प्रस्तुत किए, बल्कि उनके कौशल के विकास और क्षमता निर्माण के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध सोशल इंफ्लुएंसर डॉ. एकता लंगेह उपस्थित रहीं। उन्होंने दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उनकी प्रतिभा और कौशल किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। डॉ. लंगेह ने समाज को जागरूक करने और दिव्यांगजनों के प्रति सहानुभूति एवं सम्मान बढ़ाने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक संगीता सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया। साईटसेवर्स इंडिया की राज्य प्रमुख उर्मिमाला सेनगुप्ता ने इस आयोजन की सफलता पर खुशी जाहिर की। साईटसेवर्स इंडिया के कार्यक्रम अधिकारी प्रांजल प्रकाश त्रिपाठी व राज्य सलाहकार संदीप रॉय ने भी अपनी बात रखी।

रोजगार मेले में शामिल दिव्यांगजन इस पहल से अत्यधिक प्रेरित नजर आए। मेले में उपस्थित प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें इस आयोजन से न केवल रोजगार के अवसर मिले, बल्कि उन्हें अपने कौशल और क्षमता को पहचानने का भी मौका मिला। एक प्रतिभागी ने कहा, यह मेला हमारे लिए बहुत खास है। यहां हमें रोजगार प्रदाताओं से सीधे बातचीत करने का मौका मिला और हमें समझ में आया कि हमारी क्षमताओं के अनुसार किस क्षेत्र में काम करना सबसे बेहतर होगा।

## अफसरों के संरक्षण में मनमानी कर रहे राजस्व कर्मी

**महासमुंद।** राजस्व विभाग की समस्याओं से परेशान और पीड़ित संघ के अध्यक्ष रोहित मार्कंडेय ने जारी प्रेस नोट में कहा है कि राजस्व विभाग में बाबू और कर्मचारियों का एक गिरोह चल रहा है। जिसमें बड़े अधिकारियों की शह और संरक्षण पाकर राजस्व कार्यालय में बाबू और कर्मचारियों द्वारा अपनी मनमानी, भ्रष्टाचार, लोगों के छोटे बड़े प्रकरणों का निराकरण नहीं करना और आम लोगों से दुर्व्यवहार किया जाता है। डॉ. विमल चोपड़ा द्वारा राजस्व विभाग संबंधी प्रकरणों की समस्याओं से पीड़ित लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है और प्रकरणों को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है, तो इन लोगों को भ्रष्टाचार, मनमानी करते नहीं बन पा रहा, वे बौखला गए हैं। पीड़ित लोगों और किसानों ने इसकी लिखित शिकायत एसडीएम के नाम से की, इसके बावजूद भी बड़े अधिकारियों द्वारा बाबू और भ्रष्ट कर्मचारियों को संरक्षण देते हुए वहीं के वहीं पदस्थ रखा है, न ही शिकायत पर कोई प्रतिक्रिया दी और न ही कोई कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी कांग्रेस सरकार के समय से भ्रष्टाचार और अपने अनियमितता भरे कार्यों से ग्रसित हो चुके हैं और आज तक जैसे के तैसे ही हैं। संघ के अध्यक्ष मार्कंडेय ने विज्ञप्ति में आगे कहा कि आने वाले बुधवार को जितने भी राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं से पीड़ित लोग हैं, वे एसडीएम कार्यालय परिसर में उपस्थिति देकर जन सुनवाई में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें।

## खबर संक्षेप



### सोसायटी अध्यक्ष बनने पर रामदयाल का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के पदाधिकारियों ने बेमचा सोसायटी अध्यक्ष बनने रामदयाल यादव से भेंट मुलाकात कर उन्हें फूल माला एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर महासभा के जिलाध्यक्ष विनोद यादव, पुरुषोत्तम यादव, सतीश यादव, पूर्व पार्षद गिरधर यदु, पूर्व पार्षद पुष्कर यादव, युवा प्रकोष्ठ से अमित यादव, मोतीराम यादव, वेदराम यादव, अभय प्रताप यादव, देखलाल यादव, बलराम यादव, नंदलाल यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान महासमुंद विधायक प्रतिनिधि अरविंद प्रहरे भी मौजूद रहे, उनका भी यादव समाज के पदाधिकारी द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। बेमचा सोसाइटी अध्यक्ष राम दयाल यादव ने अपने मनोनयन के लिए विधायक योगेश्वर राजू सिंह का आभार जताया।



### पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोलू कंडरा रहा अव्वल

**महासमुंद।** आल इंडिया नेशनल पॉवरफील्डिंग चैंपियनशिप में आदिवासी कंडरा समाज के गोलू पिता अर्जुन कंडरा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर आदिवासी कंडरा कोसरिया समाज को गौरान्वित किया है। समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि गोलू कंडरा की लगन और प्रतिभा वाकई बेमिसाल है और यह सम्मान उनकी कड़ी मेहनत व समर्पण का यह परिणाम में सफलता हासिल किया है, जो आल इंडिया नेशनल पॉवर फील्डिंग चैंपियनशिप अवार्ड में अपना नाम दर्ज किया है। उक्ताशय की जानकारी आदिवासी कंडरा कोसरिया समाज राजिम राज के मीडिया प्रभारी लोचन कंडरा ने दी है।

### बालाजी महाविद्यालय में मनाया सविधान दिवस

**महासमुंद।** श्याम बालाजी कॉलेज में 26 नवम्बर को सविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर वाद-विवाद, भाषण, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। निर्मल बंजारे कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने कहा कि संविधान एक सफल लोकतंत्र का आधार होता है। भारत में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अपनाया था। भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है, जिसे तैयार होने में कुल 2 साल 11 महीने और 18 दिन लगे थे। यह संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। इस दौरान छात्रों ने शपथ भी ली। इस अवसर पर तारा चंद्राकार (संचालिका), प्राचार्य डॉ. अंकिता चन्द्राकार, सहायक प्राध्यापिका उमा चौधरी, सहायक प्राध्यापक निर्मल बंजारे, टोपलाल कुर्रे, आशी चंद्राकर, रेणुका धीवर मौजूद रहे।

# बाबा साहेब के लिखे संविधान में सभी के लिए समान अधिकार: प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संविधान दिवस के अवसर पर

- पूर्व नपाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपाजनों ने किया बाबा साहेब का स्मरण



स्थानीय आंबेडकर चौक ओव्हरब्रिज के नीचे स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूर्व नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर के नेतृत्व में भाजपा जनों ने बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने कहा कि बाबा साहेब भारत के संविधान के मुख्य शिल्पी रहे हैं। भारत के संविधान में सभी भारतवासियों के लिए अधिकार और कर्तव्यों का संपूर्ण समावेश है। सभी जाति, पंथ, सम्प्रदाय के लिए श्रद्धा व समान भाव का अधिकार है और इसी संविधान के आधार पर भारत देश लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ रहा है। चंद्राकर ने कहा कि जाति वर्ग, समाज में भेदभाव को खत्म कर बाबा साहेब ने सभी को समान अधिकार दिया। आज बाबा साहेब की ही देन है कि शिक्षा सहित हर क्षेत्र में हर जाति, वर्ग के बच्चे आगे बढ़कर समाज व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व पार्षद राजेश चंद्राकर, भाजपा नेता राजू बाघमारे, गोपाल चंद्राकर, भाऊराम साहू, विक्की महानंद, डा. विजय चंद्राकर, मनोहर ठाकुर, हेमंत चंद्राकर, अमन मक्कड़ आदि उपस्थित थे।

# बेमचा स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस, प्रस्तावना का भी किया वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष मौके पर विद्यालय में एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने भारतीय संविधान की महत्ता को समझने और सम्मानित करने के लिए भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में व्याख्याता किरण पटेल ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्रों की उपस्थिति में उन्होंने संविधान के उद्देश्यों और सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। प्रस्तावना का वाचन कर छात्रों से इसे दोहहरवाया गया, ताकि वे संविधान के महत्व को समझ सकें। कार्यक्रम में संविधान के अधिकार और कर्तव्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। छात्रों को बताया गया कि भारतीय संविधान में नागरिकों को विभिन्न मौलिक अधिकार दिए गए हैं, जैसे कि समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, और धर्म की स्वतंत्रता। इसके साथ ही, संविधान में मौलिक कर्तव्यों का भी उल्लेख किया गया, जैसे कि सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखना, और भारतीय संस्कृति का सम्मान करना। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि संविधान केवल कागज पर लिखी बातें नहीं हैं, बल्कि यह हमारे जीवन का एक अमूल्य दस्तावेज है, जो हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का सही पालन करने के लिए मार्गदर्शन करता है। छात्रों को यह समझाया गया कि इन अधिकारों का सही तरीके से उपयोग करना हमारी जिम्मेदारी है और हमें अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी से निभाना चाहिए। समारोह के दौरान विभिन्न प्रश्नोत्तरी खेल और विचार-विमर्श के माध्यम से छात्रों को संविधान के बारे में और अधिक जानकारी दी गई। ताकि वे मूल कर्तव्यों और अधिकारों के महत्व को बेहतर तरीके से समझ सकें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी संविधान दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और सभी को संविधान की सम्मान और पालना करने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य एसएल पाटकर, पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, तुलेंद्र सागर, नवीन चंद्राकर, किरण पटेल, तारिणी कहार, माहेश्वरी साहू, गंगा बंजारे, कुंती दीवान, जे गुंबर, विजय तिवारी, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिंहा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, कार्यालयीन स्टाफ एवं बीएड के छात्राध्यापक उपस्थित रहे।

# किड्स एजुकेशन इंस्टीट्यूशन बंसुला में मनाया गया संविधान दिवस



**बसना।** किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला बसना में भारतीय संविधान दिवस की 75वी वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर प्राचार्य भगवती जगत द्वारा पुष्प अर्पित किया गया। इसके बाद भारत का संविधान के उद्देशिका का वाचन, शपथ ग्रहण और सभी को संविधान दिवस की बधाई दी। इसके बाद समाजसेवी अभय धृतलहरे ने संविधान दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे देश में प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में संविधान दिवस मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया, जो 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया और नागरिकों को दिए गए अधिकारों पर प्रकाश डाला। शिक्षकद्वय नंदनी प्रधान और उषा विसी ने भी अपने विचार रखें। विद्यालय में संविधान दिवस मनाने पर नोडल अधिकारी बलदेव मिश्रा, प्रधान पाठक दिनेश डडसेना शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बंसुला, आरके दास और शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों तथा पालकगणों, स्कूल स्टॉफ हसीना बेगम, तन्नू निशा, हेमा साव, सबनम, वसुधा साव, दीपिका साव, परमानंद पटेल, खीरेंद्र, पालेश्वर, गणेश सिदार, पप्पू सागर ने हर्ष जताया है।

# शिक्षकों एवं छात्रों को दिलाई गई संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ

**महासमुंद।** देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि महासमुंद न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट खुशबू जैन तथा तानिया ब्राम्हे ने संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) का वाचन किया गया। डॉ अंबेडकर का नमन करते हुए छात्रों को संविधान दिवस के अवसर पर देश राष्ट्र में संवैधानिक प्रक्रिया तथा संविधान के महत्व को विस्तार से बताया। संविधान का ऐतिहासिक विवेचन करते हुए चुनौतियों को विद्यार्थियों के समक्ष रखा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, स्टाफ एवं समाज को डॉक्टर अंबेडकर द्वारा बताए गए संविधान में प्रदत अधिकारों को जानने तथा कर्तव्य को निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। हमारा संविधान 2 वर्ष 18 महीने 11 दिन में बनकर तैयार हुआ है। यह संविधान विश्व का सबसे बड़ा तथा लिखित संविधान है, जो हमारे लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण एवं छात्रों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। शिक्षकों एवं छात्रों को



संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई। संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी संविधान में प्रदत्त अधिकारों व कर्तव्यों की प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए कहा कि भारतीय संविधान में सामाजिक, आर्थिक, न्यायिक, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म एवं समता आदि के अधिकार प्रदान किए गए हैं। हमें राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध रहना चाहिए। कार्यक्रम का मंच संचालन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक नंद कुमार साहू ने किया।

कार्यक्रम में कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य), शशि प्रभा थिटे (अध्यक्ष), दूषण लाल साहू, नंद कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर, ऋषभ साहू, जितेंद्र कुमार चक्रधारी, लोकेश कुमार चंद्राकर, योगेंद्र देवांगन, भूखन निषाद, रेखराम पटेल, अनीता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, किरण विश्वकर्मा, जय श्रीवास्तव, योगिता कन्नौजे, योगिता महाकुर, पम्मी यादव, सविता महंती, भूमिका चंद्राकर, संजू पारेश्वर, सविता साहू, पुष्पा भारती चंद्राकर, रामेश्वरी साहू, लता निषाद, ममता प्रजापति, गायत्री साहू, लक्ष्मी साहू, गौरी साहू उपस्थित रहे। उक्त जानकारी संस्था के वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी है।



### कसेकेरा विद्यालय में संविधान शपथ का आयोजन

बोइरगांव (कोमाखान)। भारतीय संविधान दिवस पर शासकीय उच्च प्राथमिक एवं हाईस्कूल कसेकेरा में संविधान विषय पर व्याख्यान एवं शपथ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा विजय शर्मा ने कोमाखान की धरती की भूमिका विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि कोमाखान के जमींदार ठाकुर भानुप्रताप सिंह को स्वतंत्रता के बाद बाबा साहब अम्बेडकर की अध्यक्षता वाली भारतीय संविधान निर्मात्री समिति का सदस्य मनोनित किया गया। जिसमें जनजातीय समस्याओं, शोषण, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, भिन्नताओं में समानता का अधिकार पर अपनी राय दी, जिसे 26 नवम्बर 1949 की अंगीकार किया गया, हमें गर्व होता है कि छत्तीसगढ़ के सुदूर वनांचल से कोमाखान के माटी पुत्र ने देश में महासमुंद जिले की पहचान बनाई। उन्होंने 1949 संसद भवन के फोटोग्राफ्स साझा करते हुए राष्ट्रपति डा राजेंद्र प्रसाद, प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू, लालबहादुर शास्त्री सहित भारत के विभूतियों के साथ ठाकुर भानुप्रताप सिंह के राष्ट्रीय योगदान को रेखांकित किया। व्याख्याता लोकू चंद्राकर ने संविधान की शपथ दिलवाते हुए भारतीय संविधान की विशेषताओं, अनुच्छेदों पर प्रकाश डाला। लक्ष्मी साहू ने संविधान में प्राप्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य की जानकारी देते हुए पालन पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सदस्य बल्ला राम ठाकुर ने संविधान को अंगीकार करने पर बल दिया। कामाक्षी चंद्राकर ने शपथ उद्देश्य की व्याख्या की। शिक्षक जितेंद्र साहू ने आभार व्यक्त एवं संचालन राहुल ध्रुव ने किया।



### शांत्रीबाई महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस, भाषण प्रतियोगिता व व्याख्यान का भी आयोजन

**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके भाषण प्रतियोगिता व व्याख्यान का आयोजन किया गया। राजनीति विज्ञान सहायक प्राध्यापक व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी गायत्री चन्द्राकर ने संविधान के महत्व पर व्यापक जानकारी देते हुए बताया कि हमारा संविधान प्रत्येक व्यक्ति को बराबरी का दर्जा देता है। कानून संविधान के अनुपालन हमारे तमाम राजनैतिक दल वैचारिक मतभेद के बावजूद करते है। यह संविधान की श्रेष्ठता को साबित करता है। इस अवसर संस्था की प्राचार्य डा सविता चन्द्राकर द्वारा महाविद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं एवं शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टाफ को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठन कर भारतीय संविधान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने प्रेरित किया। बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चन्द्राकर ने संविधान दिवस मानने के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि हर साल संविधान दिवस पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। संविधान दिवस पर सार्वजनिक स्थानों पर संविधान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन लोगों को संविधान के महत्व को समझाने के लिए व्याख्यान, सेमिनार, क्विज प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, लेख प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और रैलियों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेन्द्र चन्द्राकर, लुकेश साहू, हीना चन्द्राकर, शत्रुघन पटेल, गीतांजलि देवांगन, गुलाब चन्द्राकर, देवानंद चन्द्राकर, विष्णु चन्द्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चन्द्राकर, मानिक लाल तारक, लीना साहू, रेशमलाल साहू, अप्रित चन्द्राकर, लता महिलांग, नौसिन अयुबी, प्रमिला चन्द्राकर, मानिक पटेल आदि मौजूद रहे।

# प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों को शीघ्र पूर्ण करे शासन: निखिलकांत

## नगर पालिका प्लेसमेंट कर्मचारियों के धरना आंदोलन में पहुंचे नपा सभापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर पालिका के प्लेसमेंट कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन धरना को समर्थन देने पटवारी कार्यालय के समक्ष युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू कर्मचारियों के बीच पहुंचे। इस दौरान कर्मचारियों ने उनका स्वागत कर अपनी मांगों से उन्हें अवगत कराया तथा ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की मांगों पर विचार करने की मांग की। जिस पर निखिल ने पालिका प्रशासन सहित उच्चाधिकारियों को कर्मचारियों के जायज मांगों से अवगत कराने का आश्वासन दिया।

निखिल ने कहा कि शासन-प्रशासन को प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए शीघ्र मांगों को पूर्ण करना चाहिए। प्लेसमेंट कर्मचारी अल्प वेतन में पालिका के महत्वपूर्ण कार्यों में अपना योगदान देते हैं। ठेका पद्धति समाप्त कर पालिका से वेतन देने का प्रावधान बनाना चाहिए। साथ ही वरिष्ठ कर्मचारी जो 15 साल से अधिक समय तक पालिका में सेवा दे रहे हैं, उन्हें वरियता सूची में दर्ज कर शीघ्र नियमितीकरण करना चाहिए। जिससे इन कर्मचारियों को उनका हक मिल सके। शहर की सफाई, पेयजल, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में इन कर्मचारियों की कड़ी मेहनत रहती है। वर्षों से प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। उन्होंने कर्मचारियों की मांगों पर हर संभव पहल करने की बात कही। इस अवसर पर प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष हीरा चौहान सहित सैकड़ों कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# गढफुलझर में हुआ बसना खंड का परिवार सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

रविवार मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष नवमी को बसना खण्ड का परिवार सम्मेलन रामचण्डी मंदिर परिसर गढ़फुलझर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के अंतर्गत हुआ। जिसमें प्रांत कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक हरिओम शर्मा का बौद्धिक आशीर्वचन प्राप्त हुआ। इसमें उन्होंने धर्म के अनुरूप सापेक्ष प्रश्न भी पूछकर सनातन संस्कृति की विराट विरासत, शास्त्रों, उपनिषद और इत्यादि सद्ग्रंथों में समाहित सनातन संस्कृति, परिवार में सुसंस्कार नौनिहालों का निर्माण कैसे हो, समाज का योगदान राष्ट्र के प्रति विभिन्न जीवनोपयोगी आयामों पर प्रकाश डाला। इस परिवार सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं भावी नौनिहाल भी सम्मिलित हुए। जिसमें पारिवारिक सह खेल, सांस्कृतिक अंताक्षरी जैसे मनोरंजक खेल शामिल किए गए। कार्यक्रम का संचालन कार्यावहकद्वय श्री गहीर एवं श्री प्रधान ने किया।

संघ के इस परिवार सम्मेलन में सिंधी पंचायत,



कुम्भकार समाज, कुल कोलता समाज, अग्रवाल समाज, अघरिया समाज, मरार पटेल समाज, सतनामी समाज, कायस्थ समाज, गोंड समाज, बिंझवार समाज, तेली समाज, वैष्णव समाज, कोंद समाज, चौहान समाज, मानिकपुरी समाज, ब्राह्मण समाज के सामाजिकजनों ने परिवार सहित इस पारंपरिक कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दी। यह कार्यक्रम पारंपरिक रूप से आंवला तली के रुप में हर वर्ष अलग अलग पर्यटन स्थलों पर आयोजित किया जाता है।

# 'पाठ्यक्रम पूर्ण होने के बाद बच्चे खुद प्रश्न पत्र बनाकर करें अभ्यास'

**महासमुंद।** विकासखंड बागबाहरा के सभी प्राचार्यों की समीक्षा बैठक लेकर जिला शिक्षा अधिकारी मोहनराव सावंत ने बोर्ड परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए टिप्स दिए।

उन्होंने बताया कि कार्य योजना बनाकर सभी प्राचार्य पाठ्यक्रम निर्धारित समय में पूरा करें। प्री बोर्ड परीक्षा के पहले पाठ्यक्रम पूरा हो जाना चाहिए। सभी प्राचार्य अपने शाला के विषय शिक्षको को बोर्ड के ब्ल्यू प्रिंट के बारे में विस्तार से बताना है तथा ब्लू प्रिंट की जानकारी विशेष कक्षा में छात्रों को डिटेल से समझाया जाए। ताकि, प्रत्येक छात्र परीक्षा के पूर्व स्वयं ही प्रश्न निर्माण सिख सके। इससे छात्रों के मन से परीक्षा का भय दूर होगा। वे आत्मविश्वास से परीक्षा कक्ष में बेहतर परिणाम दे सकेंगे। उन्होंने प्राचार्यों से कहा कि विशेष कक्षाएं संचालित कर कम अच्छे और अधिक अच्छे छात्रों को प्रदर्शन सुधार के लिए प्रयास करें। छात्रों को स्वयं का नोट्स बना कर पढ़ाई करने प्रेरित करें। डीईओ ने सभी छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने, अपार आई डी बनाने तथा परख परीक्षा में मॉक टेस्ट तथा तैयारी के संबंध में टिप्स देकर कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में बीईओ केके वर्मा ने सभी छात्रों के अपार आई डी निर्माण में आ रही दिक्कतों को शीघ्र दूर कर 100 प्रतिशत अपार आईडी बनाना सुनिश्चित करें। गूगल शीट मंप जाति प्रमाण पत्र की जानकारी अपडेट कर शेष छात्रों का आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें। बैठक में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता मन्नाडे, नोडल बढ़ते कदम सुबोध तिवारी एवं विकासखंड के प्राचार्य उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

रा.मा.क्र./ / अ/21 वर्ष 2024-25
ग्राम- मोंगरा, प.ह.नं. 46
रा.नि.म. शेर तहसील व जिला महासमुंद
// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी मोंगरा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, आवेदक देवेन्द्र कुमार पोद्दार पिता खेदू प्रसाद पोद्दार जाति सोनार निवासी ग्राम मोंगरा ने ग्राम मोंगरा प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. शेर तहसील व जिला महासमुन्द मे स्थित शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नं. 1340/2 रकबा 0.54 हेक्ट. भूमि को स्वास्थ्यगत कारणो से वर्तमान में रायपुर में निवासरत है तथा रायपुर में मकान खरीदना चाहता है। जिसके कारण राशि की आवश्यकता होने से बिक्री करने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय महासमुन्द के समक्ष आवेदन पत्र पेश किया गया है जो प्रकरण मूलतः श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर/दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह नियत दिनांक 04.12.2024 को स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर उजर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। म्याद बीत जाने पर प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 19.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
महासमुंद (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

रा.मा.क्र./ / अ/21 वर्ष 2024-25
ग्राम- मोंगरा, प.ह.नं. 46
रा.नि.म. शेर तहसील व जिला महासमुंद
// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी मोंगरा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, आवेदिका साधना पोद्दार पिता खेदू प्रसाद पोद्दार जाति सोनार निवासी ग्राम मोंगरा ने ग्राम मोंगरा प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. शेर तहसील व जिला महासमुन्द मे स्थित शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नं. 1340/3 रकबा 0.54 हेक्ट. भूमि को स्वास्थ्यगत कारणो से वर्तमान में रायपुर में निवासरत है तथा रायपुर में मकान खरीदना चाहता है। जिसके कारण राशि की आवश्यकता होने से बिक्री करने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय महासमुन्द के समक्ष आवेदन पत्र पेश किया गया है जो प्रकरण मूलतः श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजर / दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह नियत दिनांक 04.12.2024 को स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर उजर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। म्याद बीत जाने पर प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
महासमुंद (छ.ग.)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### खरोरा में साईं मंदिर का स्थापना दिवस कल

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने बताया कि ग्राम खरोरा स्थित साईं मंदिर का 14वां स्थापना दिवस 28 नवंबर गुरुवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर भजन संध्या एवम प्रसाद वितरण 4 बजे से होगा। जिसमें लोकगायक घनश्याम महानंद अपनी प्रस्तुति देंगे। समिति के हेमेन्द्र चंद्राकर ने सभी साईं भक्तों से भंजन संध्या का आनंद लेने और प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 02 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डुबने से मृत्यु होने पर विकासखंड पिथौरा के ग्राम कौहकुड़ा के मृतक गौतम निषाद , ग्राम बढ़ईपाली के मृतक त्रिलोक्य (त्रिलोक) बरिहा के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।



### नयापारा में किया गया मितानिनों का सम्मान

**महासमुंद।** मितानिन दिवस पर नयापारा क्षेत्र के वार्ड 5, 7 और 8 में जनसेवा में समर्पित एमटी चमेली निर्मलकर और मितानिन विशाखा ध्रुव, सुषमा नायक, राजबती साहू, उमे सलमा, उषा पटेल का सम्मान किया गया। इस दौरान पार्षद मीना वर्मा, हफीज कुरैशी, पार्षद प्रतिनिधि किशन बरिहा और स्थानीय नागरिकगण मौजूद रहे।

**सख्त : कलेक्टर विनय कुमार ने की धान खरीदी की समीक्षा**

# धान खरीदी में नहीं बर्दाश्त की जाएगी कोई लापरवाही: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक में अब तक हुए धान

■ बच्चों का जाति प्रमाण पत्र प्राथमिकता से बनाएं

खरीदी की समीक्षा की। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को आबंटित उपार्जन केन्द्रों में जाकर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि धान खरीदी से संबंधित शासन से लगातार निर्देश प्राप्त हो रहे हैं, ऐसे निर्देशों का अनुपालन करना भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर किसानों से भी बारदाना खरीदना है। बारदाना का भुगतान एक सप्ताह में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो किसान निर्धारित मात्रा में धान बेच चुके हैं, उन किसानों का रकबा समर्पण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी में किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगा। सभी अधिकारी-कर्मचारी शासन के निर्देशानुसार ही धान



खरीदी सुचारू रूप से जारी रखें। कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए विशेष पिछड़ी जनजातियों की जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड प्राथमिकता से बनाने के निर्देश दिए हैं।

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सभी लक्षित हितग्राहियों के लिए समय-समय पर शिविर लगाकर और मौके पर जाकर निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने सड़कों पर आवारा पशुओं पर निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनदर्शन, समय-सीमा पत्रक, मुख्यमंत्री जनदर्शन आदि का समय सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत या अन्य हितग्राही आधारित योजनाओं में किसी भी तरह पैसे के लेनदेन पर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस संबंध में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर लंगेह ने स्कूलों में बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाने के के लिए पूर्व में दिए गए निर्देशानुसार ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कर और सरलीकरण के माध्यम से जाति प्रमाण बनवाएं। जाति प्रमाण के अभाव में किसी भी बच्चे और पालक परेशान न हो। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र की साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाड़ी के बच्चों का भी जाति प्रमाण पत्र बनाना प्रारम्भ करें। इसके लिए आवश्यक डाटा एकत्र कर कार्रवाई प्रारम्भ करें। समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत सचिवों को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की नियमित रिपोर्टिंग देने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों को ग्राम स्तर पर अत्यंत जर्जर हॉस्टल, छात्रावास सहित अन्य भवनों को ग्राम स्तरीय मूल्यांकन समिति से सत्यापन कराकर डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया करें। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नम्रता चौबे (आईएएस), जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं समस्त जिला अधिकारी मौजूद थे।

# धान उपार्जन केंद्रों में पुराने बारदानों का छाया संकट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी जारी है। वही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान के खरीदी केंद्र नर्रा में पुराने बारदाने की समस्या आ रही है। जिससे धान की भराई व तौल प्रभावित हो रहा है। पारी वाले किसान बारदाने का इंतजार करते हैं। समिति के प्रभारी नाथूराम कुर्रे से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि किसानों को नए और पुराने बारदाने 50-50 मिलाकर देना होता है और पीडीएस के बारदाने रहते तक खरीदी किया गया। अब पीडीएस के बरदाना नहीं होने से समस्या खड़ी हो रही है। सोमवार ग्राम नर्रा के किसानों के पारी के दिन पुराना बरदाना नही होने से कुछ घंटेभर खरीदी प्रभावित रहा। वहीं नर्रा से लगे ओडिशा खरियार रोड़ से पुराने बारदाने तीन हजार पुराने कट्टा नगद राशि से खरीद कर लाया गया, तब जाकर किसानों को बरदाना वितरण कर धान की खरीदी हो पाई। यदि खरीदी केंद्रों में यही हाल रहा तो किसानों को स्वयं का बरदाना देना पड़ सकता है। इस तरह खरीदी केंद्र परसुली में भी पुराने बारदाने की समस्या है। फड़ प्रभारी राजेश पटेल ने बताया कि आज मंगलवार के लिए कुछ पीडीएस के बरदाने बचे हुए है। इसी से खरीदी की जाएगी। वहीं बुधवार को पुराने बरदाना की व्यवस्था नहीं की गई तो खरीदी बंद हो होने का अंदेशा जताया जा रहा है।

# शहरी आवासहीनों को आवासीय पट्टा विष्णु सरकार की सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका की वरिष्ठ भाजपा पार्षद व नेता प्रतिपक्ष मीना वर्मा ने छग सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शहरी आवासहीनों को आवासीय पट्टा वितरण करने के निर्णय को सार्थक और सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के इस निर्णय और योजना से शहरी आवासहीनों की दशा और दिशा में उन्नति व प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। मीना वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में प्रारम्भ हुई प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के पक्के आवास निर्माण की योजना को ऐतहासिक योजना बताते हुए कहा कि गरीबों के पक्के आवास निर्माण के योजना से गरीब जरूरत मन्दों को खुद का



पक्का बनाने का सपना साकार हुआ है। वही अब राज्य के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राजस्व विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा सहित भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णय से शहरी आवासहीनों को पक्के मकान के लिए दिए जाने वाले पट्टा वितरण से नागरिकों को आवास की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। नेता प्रतिपक्ष मीना वर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पूर्व ही भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर गांव, गरीब, मजदूर किसान, युवा महिला सहित सर्व वर्ग के विकास के संकल्प के साथ चुनाव लड़ा था । छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन ने भाजपा पर विश्वास व्यक्त करते हुए पिछले 5 सालों की कांग्रेस की घोटालेबाज और भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेसी कुशासन का अंत करते हुए भाजपा की सरकार बनाने में अपना जनादेश दिया। केन्द्र और छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही चुनाव पूर्व किये गए वायदों को पूरा करने का कार्य भाजपा की सरकार ने किया है। पार्षद मीना ने प्रदेश सरकार द्वारा शहरी आवासहीनों को आवासीय पट्टा वितरण कार्य का सर्वे और निर्धारित नियमानुसार पात्रता के पश्चात आवास निर्माण की स्वीकृति को विकसित भारत के निर्माण की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सभी मंत्री और महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार व्यक्त किया है।

# सावित्रीपुर स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस छात्र-छात्राओं ने संविधान सम्मान की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारत के संविधान के बारे में अनेक जानकारियां दी गई। साथ ही बच्चों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए संविधान के सम्मान की शपथ ली।

संस्था के प्राचार्य पी सिदार ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत दुनिया के सबसे विस्तृत और लिखित संविधान पर मजबूती से टिका हुआ है। ईडी हेड बीडी साहू ने कहा कि जिस प्रकार संविधान में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अल्पसंख्यकों के लिए विशेष रक्षा उपाय किए गए हैं, राज्य के नीति




निर्देशक सिद्धांतों को समाहित किया गया है तथा भाषा संबंधी प्रावधान किए गए हैं। व्याख्याता उत्तम भोई ने कहा कि संविधान निर्माता ने संविधान का निर्माण करते समय अपनी बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता का प्रयोग करते हुए इसे लचीला और कारगर बनाया है। व्याख्याता पीआर कल्ला ने कहा कि संविधान की एक विशेषता यह है कि यह प्रत्येक नागरिक की आशाओं अपेक्षाओं का प्रतिबिंब है। मिडिल स्कूल हेडमास्टर एसएल पटेल ने कहा कि संविधान के माध्यम से राष्ट्र और नागरिकों के समक्ष आने वाली चुनौतियों का समाधान किया जाता है। प्राइमरी स्कूल हेड मास्टर महेंद्र तांडी ने बताया कि भारतीय संविधान भारत के लोकतंत्र का मूल आधार है। एनके जलछत्री ने कहा कि संविधान के निर्माता का अंतिम उद्देश्य एक कल्याणकारी राज्य और समता मूलक समाज का निर्माण करना था। संकुल समन्वयक पीएल चौधरी पल चौधरी ने कहा कि संविधान दिवस पर हमें न सिर्फ स्वतंत्र भारत का नागरिक होने का एहसास होता है बल्कि संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकारों से हमें अपना हक मिलता है। पीके साहू ने बताया कि हर साल भारतीय संविधान के बारे में लोगों को जागरूक करने और संविधान के महत्व व अंबेडकर के विचारों और अवधारणाओं को फैलाने के उद्देश्य से संविधान दिवस मनाया जाता है। शिक्षक ध्रुव ने कहा कि हमारे संविधान की उद्देशिका में यह बात स्पष्ट है कि संविधान की सभी शक्तियों का स्त्रोत भारत के लोग ही हैं और प्रस्तावना इस बात की घोषणा करती है कि भारत एक समाजवादी ,धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र राष्ट्र है। कीड़ा सचिव आदर्श मिश्रा ने भी अपने विचार रखें।

# सरस्वती शिशु मंदिर में आवर्ती वर्ग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

पुरा नगरी सिरपुर के सरस्वती शिशु मंदिर में आवर्ती वर्ग का आयोजन

■ आयोजन में सिरपुर क्षेत्र के 44 आचार्य व दीदी हुए शामिल

किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों से 44 आचार्य व दीदी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दिलीप साहू (प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर गढ़सिवनी) ने किया। योजना के विषय अंतर्गत पालक संपर्क क्यों और कैसे विषय पर विस्तृत चर्चा कर जानकारी दी। द्वितीय कालांश में सेवानिवृत्त प्राचार्य माली द्वारा दीदी को वर्ग एक से पांच तक के गणित विषय पर चर्चा की गई। इसी प्रकार बच्चों को सरल भाषा में पढ़ाने के बारे में बताया गया। टकेश साहू द्वारा गणित विषय को सरलता से हल करने के विधि बताया गया। गढ़सिवनी विद्यालय के आचार्य रणजीत यदु द्वारा रोकड़ा संधारण की जानकारी प्रदान की गई।

**देव दर्शन के बाद समापन**

मंच का संचलन आचार्य मैथलीशरण ठाकुर ने किया। शारीरिक कालांश में देव दर्शन के पश्चात वर्ग का समापन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्य इन्द्र मणि नापित, दुलरवा धीवर, प्रकाश माली, संतोष पुरी गोस्वामी, विनय सेन, संकुल प्रमुख देवेन्द्र निर्मलकर आदि सदस्यों का योगदान रहा।

# शहर के मार्गों पर अब निर्माण सामग्री रखना पड़ेगा महंगा

## नगर पालिका ने मार्ग पर निर्माण सामग्री रखने वाले एक भवन मालिक के खिलाफ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के मार्गों पर निर्माण सामग्री

■ सीएमओ ने पालिका टीम के साथ किया शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण

रखना अब नागरिकों महंगा पड़ेगा। पालिका ने ऐसा करने वाले भवन मालिकों के खिलाफ सख्ती बरतते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

सोमवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पाण्डेय ने पालिका टीम के साथ शहर के विभिन्न मार्गों में निरीक्षण किया। इस दौरान तुमगांव ओवरब्रिज के नीचे मार्ग में निर्माण सामाग्री फैलाकर रखने वाले भवन मालिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पालिका



ने 1000 का जुर्माना लगाया और उक्त निर्माण सामाग्री को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पांडेय ने बताया है कि नगर पालिका अब सड़क किनारे निर्माण सामाग्री रखने वालो पर जुर्माना की कार्रवाई करेगा। साथ ही सड़क पर पड़े निर्माण सामाग्री को जब्ती कर भवन मालिक के खिलाफ न्यायिक कार्रवाई भी की जाएगी।

बता दें कि शहर में भवन निर्माण करते समय भवन मालिकों द्वारा किसी भी प्रकार की निर्माण सामग्री मार्ग के किनारे रख दी जाती है, जिससे जाम की समस्या निर्मित होती है और हादसे की भी संभावना बनी रहती है। बावजूद, नागरिक फिर भी सड़क के किनारे निर्माण सामाग्री रख देते हैं। जिसमे ईट, गिट्टी, सरिया और रेत आदि चीज शामिल हैं। शहर के मार्ग के किनारे निर्माण सामाग्री रखे जाने को लेकर लगातार शिकायत मिल रही थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए सोमवार को निरीक्षण किया गया और मिलने पर कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पाण्डेय के साथ कार्यापालन अभियंता एस डी शर्मा, स्वच्छता प्रभारी निरीक्षक दिलीप चन्द्राकर शामिल रहे।

# अम्बेडकर कॉलेज में प्राचार्य पद पर तिवारी ने संभाला पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

उच्च शिक्षा विभाग छग शासन के प्राचार्य पदोन्नति आदेश के तहत डॉ केके तिवारी ने डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया। डॉ तिवारी इसके पूर्व शासकीय महाविद्यालय भाटागांव रायपुर में रसायन शास्त्र विषय के प्रोफेसर रहे। वर्तमान प्राचार्य अनिता पटेल द्वारा कार्यभार ग्रहण कराया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार कमला दीवान, किरण कुमारी, जितेंद्र पटेल, गजानंद नायक, रमेश पटेल, एंजेला लकड़ा, रश्मि निबर्गिया, माधुरी प्रधान, रितुराज भोई, प्रेरणा प्रधान, विद्यकांत कश्यप, मुकेश प्रधान, विनोद मिर्धा, दुर्योधन, सूर्यकांति आदि मौजूद रहे।

**परख मॉक टेस्ट से अभ्यास स्कूल के बच्चों में बढ़ा आत्मविश्वास**

# बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा की तैयारी सिखाने की दिशा में एक प्रयास है मॉक टेस्ट: डेमेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

परख परीक्षा के लिए शहर के शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला के 20 बच्चों ने मॉक टेस्ट दिया। आगामी 4 दिसंबर को राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के तहत यह परीक्षा आयोजित है। प्राइमरी स्तर में कक्षा तीसरी के बच्चों को मॉक टेस्ट के जरिए ओएमआर शीट भरने का अभ्यास कराया गया। प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने बताया कि यह मॉक टेस्ट बच्चों की प्रगति का आकलन करने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के लिए तैयार करने की दिशा में एक प्रयास है। उनका कहना है कि मॉक टेस्ट के पीछे विभाग का उद्देश्य है कि बच्चे परख परीक्षा में आत्मविश्वास के साथ हिस्सा लें। दो चरणों की मॉक टेस्ट



में ओएमआर शीट पर उत्तर अंकित करने का अभ्यास कराया गया है। यह बच्चों में परीक्षा की चिंता को कम करेगा और उनकी क्षमता को निखारने में मदद करेगा।

मालूम हो कि परीक्षा की तैयारी के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की विशेष कार्ययोजना के तहत बच्चों को हर सप्ताह अभ्यास कराने और उनकी कमियों को दूर करने पर जोर दिया गया। गणित, भाषा, और पर्यावरण अध्ययन जैसे विषयों पर विशेष फोकस किया गया। शिक्षकों ने यह सुनिश्चित किया कि हर बच्चा परीक्षा के विभिन्न पहलुओं को समझ सके और आत्मविश्वास के साथ उत्तर दे सके। यहां यह बताना जरूरी होगा कि परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के तहत देशभर के 75,565 स्कूलों से तीसरी, छठवी और नवमी कक्षा के लगभग 22 लाख से ज्यादा विद्यार्थी इस परीक्षा में हिस्सा लेंगे। यह परीक्षा शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की दक्षता का समग्र आकलन करने का एक राष्ट्रीय प्रयास है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

दिनांक (05 दिन)
22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024, 13 जनवरी से 17 जनवरी 2025
26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025
13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांधा), काठमांडू दरबार
Ex गोरखपुर/ नोतनवा
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 7,500/- (+ 5% GST)
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511